SHAMREZ Classes

भूगोल कक्षा 10वीं

अध्याय - 6

राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था की जीवन रेखाएँ

याद रखने योग्य बातें :-

1. **देश की जीवन रेखाएँ** - परिवहन तथा संचार के आधुनिक साधन जो लोगों को एक दूसरे के पास लाते हैं तथा राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार में सहायता करते हैं।
2. **परिवहन के साधन** :- परिवहन के साधन जो मनुष्य तथा सामान को एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाते हैं। रेल, वायु एवं जल परिवहन।
3. **संचार के साधन** :- वे साधन जो सूचना, समाचार, संवाद को एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाते हैं जैसे समाचार पत्र, रेडियो, टीवी टेलिफोन, मोबाइल फोन, ई-मेल आदि।
4. **स्वर्णिम चतुर्भुज** :- 6 लेन वाली सड़कें जो दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और कोलकात्ता को जोड़ती हैं।
5. **राष्ट्रीय राजमार्ग** :- 4 से 6 लेन की सड़कें देश के दूर स्थित भागों को जोड़ती हैं। इनका रखरखाव केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग द्वारा किया जाता है।
6. **सीमांत सड़कें** :- सीमा सड़क संगठन सीमान्त क्षेत्रों में सड़कों का निर्माण व रख-रखाव करता है।
7. **व्यापार** :- विभिन्न व्यक्तियों, राज्यों तथा विभिन्न देशों के बीच वस्तुओं के आदान-प्रदान को व्यापार कहते हैं।
8. **अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार** - दो या दो से अधिक देशों के बीच वस्तुओं का आदान-प्रदान। देश का 95 प्रतिशत व्यापार समुद्री मार्गों द्वारा होता है।
9. **व्यापार संतुलन** - यदि किसी देश का आयात मूल्य उसके निर्यात मूल्य के बराबर हो।

Scanned by CamScanner

10. **रेल परिवहन** – यातायात का मुख्य साधन है। भारतीय रेल परिवहन को 16 प्रखंडो में बाँटा गया है।
11. **गेज या पथ** – रेल की दो पटरियों के बीच की दूरी।
12. **पत्तन या बन्दरगाह** – समुद्र तट पर वह स्थान जहाँ जहाज़ पर वस्तओं को लादने तथा उतारने का काम किया जाता है।
13. **ज्वारीय पत्तन** – एक बन्दरगाह जो ज्वार के समय कार्यरत होता है जैसे गुजरात में कांडला।
14. **पर्यटन के नए रूप** – विरासत पर्यटन, सांस्कृतिक पर्यटन, चिकित्सा पर्यटन, पारि-पर्यटन, रोमांचकारी पर्यटन, व्यापारिक पर्यटन आदि। प्रत्येक वर्ष भारत में 26 लाख से अधिक विदेशी पर्यटक आते हैं।

1 अंक वाले प्रश्न

1. पूर्व-पश्चिम गलियारा किन दो क्षेत्रों को जोड़ता है ?
2. उत्तरी रेलवे का मुख्यालय कहाँ स्थित है ?
3. भारत में पहली रेलगाड़ी कब और कहाँ चलाई गई ?
4. देश का पुराना कृत्रिम पत्तन कौन सा है ?
5. सड़क घनत्व से आप क्या समझते हैं ?
6. राष्ट्रीय जलमार्ग संख्या-1 किन स्थानों के बीच नौगम्य है ?
7. उत्तर-दक्षिण गलियारा किन दो क्षेत्रों को जोड़ता है ?
8. पाइपलाइन परिवहन से क्या अभिप्राय है ?
9. भारत की तट रेखा की लम्बाई कितनी है ?
10. कौन सा समुद्री पत्तन लौह-अयस्क के निर्यात के सन्दर्भ में प्रमुख पतन है ?
11. स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद पहला विकसित पत्तन कौन सा है ?
12. भारत के दो अंतःस्थलीय जलमार्गों के नाम बताइए ?
13. वायु परिवहन का राष्ट्रीयकारण कब किया गया ?

Scanned by CamScanner